23

Optional Paper

Philosophy

Paper – I

Time : 3 Hours | Maximum Marks : 200

IMPORTANT NOTES / महत्वपूर्ण निर्देश

(A) Please fill up the OMR Sheet of this Question Answer Booklet properly before answering. Please also see the directions printed on the obverse before filling it.
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व उसके संलग्न ओ.एम.आर. पत्रक को भली प्रकार भर लें । उसे भरने हेतु उसके पृष्ठ भाग पर मुद्रित निर्देशों का अध्ययन कर लें ।

(B) The question paper has been divided into three Parts - **A, B** and **C**. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each part.
प्रश्न-पत्र अ, ब और स तीन भागों में विभाजित है । प्रत्येक भाग में से किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस भाग में अंकित किये गये हैं ।

(C) Attempt answers ***either*** in **Hindi** or **English**, not in both.
उत्तर अंग्रेजी या हिन्दी भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं ।

(D) Answers to all the questions of each part should be written continuously in the script and should not be mixed with those of other parts. In the event of candidate writing answers to a question in a part different to the one to which the question belongs, the question will not be assessed by the examiner.
उत्तर पुस्तिका में प्रत्येक भाग के समस्त प्रश्नों के उत्तर क्रमवार देने चाहिये तथा एक भाग में दूसरे भाग के उत्तर नहीं मिलाने चाहिये । एक भाग में दूसरे भाग के प्रश्न के उत्तर लिखे जाने पर ऐसे प्रश्न को जाँचा नहीं जा सकता हैं ।

(E) The candidates should not write the answers beyond the limit of words prescribed in parts **A, B** and **C** failing this the marks can be deducted.
अभ्यर्थियों को भाग अ, ब और स में अपने उत्तर निर्धारित शब्दों की सीमा से अधिक नहीं लिखने चाहिये। इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं ।

(F) **In case the candidate makes any identification mark i.e. Roll No./Name/Telephone No./Mobile No. or any other marking either outside or inside the answer book, it would be treated as resorting to using unfair means. In such a case his candidature shall be rejected for the entire examination by the Commission.**
अभ्यर्थी द्वारा उत्तर पुस्तिका के अंदर अथवा बाहर पहचान चिन्ह यथा – रोल नम्बर / नाम / मोबाईल नम्बर / टेलीफोन नम्बर लिखे जाने या अन्य कोई निशान इत्यादि अंकित किये जाने को अनुचित साधन मान जायेगा। आयोग द्वारा ऐसा पाये जाने पर अभ्यर्थी की सम्पूर्ण परीक्षा में अभ्यर्थिता रद्द कर दी जायेगी ।

PART – A / भाग–अ

Marks / अंक : 40

Note : Attempt all the **twenty** questions. Each question carries **2** marks. Answer should not exceed **15** words.

नोट : समस्त २० प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न के लिये २ अंक निर्धारित है। उत्तर १५ शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिये।

1 What does 'Nasadiya Sukta' of Rig-veda intend?
ऋग्वेद के 'नासदीय सूक्त' का अभिप्राय क्या है?

2 What is 'Tattavamasi"?
'तत्वमसि' क्या है?

3 Explain 'Swah-parbhasi'?
'स्वपरभासी' को समझाइये ?

4 Who according to Charwak Philosophy, is the 'enjoyer' of actions?
चार्वाक दर्शन के अनुसार कर्मों का 'भोक्ता' कौन है?

5 With what philosophical system 'Santanwada' is related?
किस दर्शन सम्प्रदाय से 'सन्तानवाद' संबंधित है?

6 What is 'Pratyabhigya' in Nyaya Philosophy?
न्यायदर्शन में 'प्रत्यभिज्ञा' क्या है?

7 Mention kinds of 'Karm' in Vaisheshika Philosophy.
वैशेषिक दर्शन में 'कर्म' के प्रकारों को बताइये ?

8 Explain difference in 'Shankar' and 'Sankar'.
'शंकर' और 'संकर' में भेद समझाइये।

9 Is Maya world-pervading or self-pervading?
क्या माया संसार–व्यापी है या जीव–व्यापी?

10 In 'Sanikhya darshana' 'Purushas' are many and 'Prakriti' is one. How does one illudes many?

'सांख्यदर्शन' में 'पुरूष' अनेक हैं और 'प्रकृति' एक. एक अनेक को कैसे भ्रमित करती है?

11 'Astha-Sidhis' are attained prior to 'Samadhi' or after 'Samadhi'?

'अष्टसिद्धियाँ', 'समाधि' से पूर्व या 'समाधि' के बाद प्राप्त होती है?

12 With what philosophical school 'Shaktiwada' is related and what is its meaning?

किस दर्शन सम्प्रदाय से 'शक्तिवाद' संबंधित है और इसका क्या अर्थ है?

13 'Upadhiniras' is necessary for valid 'Vyapti'. What is its meaning?
'उपाधिनिरास' वैध व्याप्ति के लिये आवश्यक है। इसका क्या अर्थ है?

14 Explain 'Naigamnaya'.
'नैगमनय' को समझाइये ।

15 What is the main argument of 'Kshanikwada' in Buddhism?
बौद्ध दर्शन में 'क्षणिकवाद' का प्रमुख तर्क क्या है?

16 Explain 'atyantabhava' (absolute absence)?
'अत्यन्ताभाव' को समझाइये।

17 On what grounds Ramanujacharyya declares all objects as real?
किन आधारों पर रामानुजाचार्य सभी पदार्थों को यथार्थ घोषित करते हैं?

18 What is the name of the original book on which 'Shabar Bhaysa' is the comemotory? Explain its subject matter.
उस मूल ग्रंथ का नाम क्या है जिस पर 'शाबरभाष्य' एक टीका है? उसकी विषयवस्तु समझाइये।

19 Explain the meaning of 'Chikirsha' and with what school of philosophy it is related?
'चिकीषा' को समझाइये और यह किस दर्शन सम्प्रदाय से संबंधित है?

20 Dr. Radhakrishnan can be called a 'Monist' or a 'qualified monist?
डॉ. राधाकृष्णन एक 'अद्वैतवादी' कहे जा सकते हैं या 'विशिष्टाद्वैतवादी' ?

PART – B / भाग–ब

Marks / अंक : 60

Note : Attempt all the **twelve** questions. Each question carries **5** marks. Answer should not exceed **50** words.

नोट : समस्त १२ प्रश्नो के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न के ५ अंक निर्धारित हैं। उत्तर ५० शब्दों के अधिक नहीं होना चाहिए।

21 In what way 'Prabhakar' and 'Kumaril' mimansakas differ from each other?
'प्रभाकर' और 'कुमारिल' मीमांसक एक दूसरे से किस रूप में भिन्न हैं?

22 Bring out relation between 'Skandh' and 'Sadayatan' in Buddhism.
बौद्धदर्शन में 'स्कन्ध' एवं 'षडायतन' में संबंध बताइये।

23 Who is the Knower of 'Anastikaya' in Jainism? What is its nature?
जैनदर्शन में 'अनस्तिकाय' का ज्ञाता कौन है? इसकी क्या प्रकृति है?

24 How is freedom attended from actions in Yoga Philosophy?
योगदर्शन में कर्मों से मुक्ति किस प्रकार प्राप्त की जाती है?

25 Does 'Swagat Bhed' fully prove qualified monism of Ramanujacharyya?
क्या 'स्वगत भेद' रामानुजाचार्य के विशिष्टाद्वैतवाद को पूरी तरह सिद्ध करता है?

26 What defects in 'Satkaryawada' are pointed out by Nyaya Philosophy?
न्यायदर्शन द्वारा 'सत्कार्यवाद' में क्या त्रुटियाँ बताई गई हैं?

27 'Pleasure' is unperceivable then how can Charwork say perception is the only valid means of Knowledge?

'सुख' अप्रत्यक्षणीय है तो चार्वाक कैसे कहते है कि 'प्रत्यक्ष' ही एकमात्र वैध ज्ञान का साधन है?

28 Explain any two most suitable arguments given by Shanakacharyya in favour of Monism.

शंकराचार्य द्वारा अद्वैतवाद के समर्थन में दिये गये तर्कों में से किन्हीं दो सबसे अनुकूल तर्कों को समझाइये।

29 What difference do you note in 'Abhava' and 'Anuplabdhi'?
आप 'अभाव' और 'अनुपलब्धि' में क्या भेद पाते हैं?

30 In Moksha, do we literate in life or from life?
मोक्ष में हमें जीवन में मुक्ति मिलती है या जीवन से?

31 Can the non-cooperative movement' of Gandhiji be called an act of mental violence? Comment.
क्या गांधीजी का 'असहयोग आन्दोलन' मानसिक हिंसा का कार्य कहा जा सकता है? टिप्पणी कीजिये।

32 Elaborate 'Humanism' of Tagore.
टैगोर के 'मानववाद' की व्याख्या कीजिये।

PART – C / भाग–स

Marks / अंक : 100

Note : Attempt any **5** questions. Each question carries **20** marks. Answer should not exceed **200** words.

नोट : कोई भी ५ प्रश्न दीजिये। प्रत्येक प्रश्न के लिए २० अंक निर्धारित है। उत्तर २०० शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

33 On what grounds the invalidity of knowledge was accepted as 'Paratah' by Nyaya and 'Swatah' by Sanikhya? Discuss.

ज्ञान की अप्रामाणिकता को न्याय ने 'परतः' और सांख्य ने 'स्वतः' किन आधारों पर स्वीकार किया है? विवेचन कीजिये।

34 How invisible Breabam of Upanishadas is one with the visible world and man? Discuss at length.

उपनिषदों का अदृश्य ब्रह्म, दृश्यजगत् एवं मनुष्य से किस प्रकार एक है? विस्तार से समझाइये।

35 Can we obtain validity and certainty of knowledge according to Syadwada? Support your answer with reasons.

क्या हम स्याद्वाद के अनुसार ज्ञान की वैधता एवं निश्चितता को प्राप्त कर सकते हैं? स्वयं के अन्तर को तर्क–समर्पित बनाइये।

36 How does Buddhism refute absolute substance or cause of the universe and why? Discuss.
बौद्धदर्शन परमतत्व अथवा कारण का किस प्रकार खंडन करता है और क्यों? विवेचन कीजिये।

37 Which schools of Indian Philosophy favour thestic atomism and 'non-thestic atomism? Elaborate their similarities and dissimilarities.

भारतीय दर्शन के कौन-से सम्प्रदाय 'ईश्वरवादी परमाणुवाद' और 'निरीश्वरवादी परमाणुवाद' का समर्थन करते हैं? इनमें समानताओं और असमानताओं को समझाइये।

38 Is the theory of Sri Aurbindo regarding Evolution of Universe relevant? If yes, then how will you co-relate it with Indian political and social problems?

क्या श्री अरविंद का सृष्टिविकास संबंधी सिद्धान्त सार्थक है? यदि हाँ तो आप उसे भारतीय राजनीतिक सामाजिक समस्याओं से किस प्रकार संबंधित करेंगे?

39 How many theoreis of Error are proposed by the schools of Indian Philosophy? Which one is most satisfying to you and why? Explain.

भारतीय दर्शन सम्प्रदायों ने भ्रम के कितने सिद्धान्त प्रस्तुत किये हैं? आपको उनमें से कौन-सा सबसे सन्तोषजनक लगता है और क्यों? समझाइये।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

SEAL
सील